# पांच दिवसीय प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

By Jantantratoday May 2, 2023 4 0




**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए "**एमएस एक्सेल और एमएस वर्ड पर हैंड्स ऑन एफडीपी**" पर पांच दिवसीय प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यशाला का आयोजन श्री देवेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष, अग्रवाल कॉलेज व प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के संरक्षण में किया गया था।

कार्यशाला का आयोजन डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, प्रभारी, विंग-III के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य गैर शिक्षण कर्मचारियों के ई-संसाधनों के उपयोग और तकनीकी कौशल को बढ़ाना है। कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रमुख, डॉ सचिन गर्ग ने स्वागत भाषण दिया, उन्होंने कहा कि गैर शिक्षण कर्मचारियों के समग्र विकास के लिए तकनीकी कौशल और ई-संसाधन आवश्यक हैं। उन्होंने ऑफिस ऑटोमेशन की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

पहले दिन रिसोर्स पर्सन सुश्री पूनम शर्मा, सहायक प्राध्यापक, कम्प्यूटर साइंस विभाग थीं। उन्होंने डेटा फॉर्मेटिंग, डेटा सॉर्टिंग, डेटा फिल्टरिंग और उपयोगकर्ताओं को मात्रात्मक डेटा की गणना, व्यवस्थित और मूल्यांकन करने की क्षमता प्रदान करने आदि का प्रशिक्षण दिया।

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि इस प्रकार की कार्यशाला समय-समय पर कॉलेज में आयोजित की जाएगी ताकि गैर-शिक्षण कर्मचारी अपने ज्ञान को बढ़ा सकें और नई तकनीकों के बारे में जागरूक हो सकें।